nt>

Title: Need to set up Rail Coach Factory in Bareilly, Uttar Pradesh.

श्री संतोा गंगवार (बरेली) : उपाध्यक्ष महोदय, बरेली पूर्वोत्तर रेल का एक महत्वपूर्ण स्थान है। यहां पर पूर्वोत्तर रेल का मंडल कार्यालय है तथा पूर्वोत्तर रेल का डिब्बा सुधार तथा क्रेन निर्माण का महत्वपूर्ण कारखाना है। जिसमें पूर्व में कई हजार मजदूर कार्यरत थे। गेज परिवर्तन के कारण निरन्तर कार्य कम हो रहा है तथा काम के अभाव में यह कारखाना बन्द होने की स्थिति में है। पूर्व में काफी पहले स्थान की उपयोगिता तथा रेल का एक विशाल इन्फ्रास्ट्रक्चर होने के कारण यहां पर कोच फैक्ट्री लगाये जाने का प्रस्ताव भी था परन्तु उक्त निर्णय पर किन्हीं कारणों से फैसला नहीं हो पाया। मेरा माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि उपयोगिता एवं आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए बरेली में कोच फैक्ट्री या अन्य कोई उपयुक्त कारखाना खोलने का निर्णय लें।